मूल्य 1 रु.
वर्षः 15 - अंक : 41, मुंबई, गुरुवार, 29 मई, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर









## ‘वी वॉक ऑफ एम्पावरमेंट’ की प्रस्तुति में ओपन माइक का शानदार आयोजन

**कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दै. मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस. खान ने सभी कलाकारों को मंच पर मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं**

(समाचार पृष्ठ 7 पर)

## पत्नी से हुआ झगड़ा तो एयरपोर्ट पर निकाला गुस्सा



## दे दी बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट पर विमान में बम होने की धमकी मिलने के बाद सभी एजेंसियां सतर्क हो गई। एयरपोर्ट प्राधिकरण ने तुरंत इस संबंध में जानकारी सभी एजेंसियों को देने के बाद विमान की जांच की। लेकिन विमान में कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया। इस मामले में धमकी देने वाले व्यक्ति की तलाश की गई। इस दौरान एक संदिग्ध को अंधेरी इलाके से हिरासत में लिया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मुंबई पुलिस के नियंत्रण कक्ष को मंगलवार सुबह 9 बजे के करीब धमकी भरा फोन आया था। फोन करने वाले व्यक्ति ने छत्रपति शिवाजी महाराज, एयरपोर्ट, मुंबई को बम से उड़ा देने की धमकी दी थी।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# महाराष्ट्र में मानसून से जंग

## अलर्ट मोड में एनडीआरएफ, राज्यभर में 18 टीमें तैनात



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में 2025 के मानसून के पूर्ण प्रभाव को ध्यान में रखते हुए, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने पूरे राज्य में अग्रिम तैनाती कर दी है और आपातकालीन अभियानों के साथ सक्रिय रूप से कार्य करना आरंभ कर दिया है। एनडीआरएफ की 5वीं बटालियन, पुणे के कमांडेंट श्री संतोष बहादुर सिंह ने चल रहे बचाव प्रयासों, उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान, शहरी बाढ़ से निपटने की तैयारी तथा तैनात की जा रही उन्नत तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

### बचाव मोड में एनडीआरएफ पुणे, सतारा, सोलापुर में सफल ऑपरेशन, कई लोगों को सुरक्षित निकाला गया

एनडीआरएफ की टीमें बारामती, इंदापुर, सतारा और मलशिरस जैसे संवेदनशील इलाकों में सक्रिय रही हैं, जहाँ बाढ़ और नदी पार फंसे लोगों को सुरक्षित बचाया गया।

### हाई अलर्ट जिलों में पहले से तैनाती, ड्रोन और स्मार्ट उपकरणों से लैस हैं टीमें

पुणे, मुंबई, कोल्हापुर, रायगढ़ जैसे बाढ़ संभावित क्षेत्रों में टीमों की अग्रिम तैनाती की गई है, जो ड्रोन, बॉडी कैमरे और उन्नत नावों से लैस हैं।

**मानसून की मार से निपटने के लिए मॉक ड्रिल:** राज्य आपदा प्रबंधन के साथ मिलकर एनडीआरएफ ने बाढ़ अभ्यास, स्कूल वर्कशॉप्स और BISAG प्लेटफॉर्म के जरिए रीयल-टाइम मॉनिटरिंग की व्यवस्था की है।

### कितनी एनडीआरएफ टीमें तैनात हैं?

5वीं बटालियन की कुल 18 टीमें राज्यभर में रणनीतिक रूप से तैनात की गई हैं। इनमें से : पुणे मुख्यालय में 12 टीमें, मुंबई में 3 टीमें, नागपुर में 2 टीमें, पालघर में 1 टीम तैनात है।



## डिनो मोरिया और भाई सैंटिनो से ईओडब्ल्यू की पूछताछ

### घोटाले से कनेक्शन की जांच



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने बुधवार को मीठी नदी से गाद निकालने के घोटाले के सिलसिले में अभिनेता डिनो मोरिया और उनके भाई सैंटिनो मोरिया से पांच घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। दोनों भाई दोपहर करीब 12.45 बजे काली कार में पुलिस आयुक्त के कार्यालय पहुंचे, उनके चेहरे पर मास्क लगे हुए थे। पूछताछ के बाद वे करीब 6.45 बजे परिसर से चले गए। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

### बीएमसी अधिकारियों को रिश्वत के तौर पर विदेशी यात्राएं

जांच में सामने आया है कि करोड़ों रुपये के घोटाले को अंजाम देने के लिए बीएमसी अधिकारियों को विदेश यात्राओं का लालच दिया गया। केतन कदम ने कथित तौर पर सहायक अभियंता प्रशांत रामगुडे और उनके परिवार के लिए सिंगापुर और दुबई की विदेशी यात्राओं की पूरी व्यवस्था की, जिसमें महंगे होटलों में ठहरने और फ्लाइट्स की बुकिंग शामिल थी।

## हमारी बात

### मणिपुर में सुलगते हालात

**मैतेई समुदाय राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से सार्वजनिक माफी मांगने की मांग कर रहा है। मुद्दा 20 मई को भड़का, जब एक सरकारी बस के कुकी बहुल इलाके में जाने से पहले उस पर लिखे मणिपुर राज्य परिवहन को ढक दिया गया।**


मणिपुर में फिर हालात सुलग उठे हैं। मंगलवार को हालात नाजुक हो गए, जब मैतई समुदाय के प्रदर्शनकारियों ने बाहर से ताला लगा कर केंद्र सरकार के कर्मचारियों को दफ्तरों में बंद कर दिया। 24 मई से इस समुदाय के लोगों ने राज्य में सिविल नाफरमानी आंदोलन चला रखा है। इस बार निशाने पर राज्यपाल अजय कुमार भल्ला और उनके बहाने केंद्र सरकार है। मैतेई समुदाय भल्ला से सार्वजनिक माफी मांगने की मांग कर रहा है। मुद्दा 20 मई को भड़का, जब एक सरकारी बस के कुकी बहुल इलाके में जाने से पहले उस पर लिखे मणिपुर राज्य परिवहन को ढक दिया गया। उस बस से प्रशासन मीडियाकर्मियों उन इलाकों में ले गया। प्रशासन संभवतः मीडियाकर्मियों से भरी बस पर किसी गुट के हमले की आशंका को टालना चाहता था। मीडियाकर्मियों को ले जाने का मकसद उन्हें यह दिखाना था कि राज्य में हालात अब सामान्य हो रहे हैं। मगर दांव उलटा पड़ गया। मैतेई संगठनों ने इसे कुकी समुदाय के सामने समर्पण करना माना। कुकी अपने लिए मणिपुर से अलग राज्य की मांग कर रहे हैं। तीन साल पहले इसी महीने भड़की और फिर लंबे समय तक चली हिंसा ने मैतेई और कुकी समुदायों में दुराव इतना गहरा कर दिया है कि मामूली-सी बात पर वहां अशांति भड़क उठती है। भावनाएं भड़क जाती हैं। बस पर परदा डालने से मैतेई संगठनों की भावनाएं भड़क गईं। उन्होंने प्रशासन के इस कदम को मणिपुर का अपमान बताया। और इसको लेकर गुजरे पांच दिन से राज्य में सामान्य कामकाज तकरीबन ठप है। जबकि पुराने जख्म जहां के तहां हैं। दोनों समुदायों की बहुलता जिन इलाकों में है, वहां एक-दूसरे का आना-जाना लगभग पूरी तरह रुका हुआ है। यह इस बात प्रमाण है कि जनता के स्तर पर अविश्वास को दूर करने की कोई पहल वहां नहीं हुई है। केंद्र सरकार ने सिर्फ प्रशासनिक उपायों से सामान्य स्थिति बहाल करने का नजरिया अपनाया है, जो कारगर हुआ नहीं दिखता। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि बाकी देश दूसरे भावनात्मक मुद्दों में इस तरह उलझा हुआ है कि मणिपुर के हालात पर वहां कोई चिंता नजर नहीं आती।

# अल्लाह की मोहब्बत का करिश्मा : अल महदी का हज के लिए जुनून, दो बार उड़ान भरने के बाद विमान को उतरना पड़ा

**त्रिपोली।** यह लीबिया के एक नौजवान हाजी की हैरतअंगेज़ दास्तान है, जिसे ना ले जाने वाले जहाज़ को दो बार फज़ा से वापस लौटना पड़ा। लीबिया की अवाम ने इस अनोखे और दिल को छू लेने वाले वाकये पर भरपूर रद्द-ए-अमल दिया, जो हाजी आमिर अल-महदी के साथ पेश आया। यह वह खुशनसीब शख़्स है जिसकी नीयत इतनी पक्की और दिल इतना सच्चा था कि ख़ालिक-ए-कायनात ने उसे हज की सआदत बख़्शने के लिए जहाज़ को दो बार मोड़ दिया। यह वाक़्या 26 मई 2025 को अल-जज़ीरा के प्रोग्राम "शबकात" में ज़ेरे बहस आया। हुआ यूं कि जुनूबी लीबिया के सबहा एयरपोर्ट पर मौजूद हुक्काम ने आमिर अल-महदी को पासपोर्ट की एक परेशानी की बुनियाद पर फ्लाइट में सवार होने से रोक दिया। जब हजाज के नाम पुकारे गए, आमिर को जहाज़ में जाने की इजाज़त न मिली और जहाज़ अपने तयशुदा वक़्त पर उड़ चला। लेकिन महदी न मायूस हुआ, न ही एयरपोर्ट के रवाना हॉल से बाहर निकला।

वो पूरी इस्तिक़ामत और यकीन से कहता रहा: मैंने नीयत बाँध ली है। मैं हज के लिए जा रहा हूँ और मैं जाऊँगा! लोगों ने समझाने की कोशिश की कि जहाज़ जा चुका है, अब जाना मुमकिन नहीं। मगर महदी ने किसी की न सुनी और कहा: इंशाल्लाह देखना, मैं हज पर जाऊँगा! इधर कुदरत को कुछ और ही मंजूर था। जहाज़ फज़ा में पहुँच कर अचानक फनी खराबी का शिकार हो गया और वापिस एयरपोर्ट लैंड कर गया। यह मौका महदी के लिए नई उम्मीद की किरण था, मगर जब इजाज़त माँगी गई तो पायलट ने सीढ़ी खोलने से इनकार कर दिया। जहाज़ की खराबी दूर कर दी गई और वो फिर उड़ चला – मगर फिर भी महदी को पीछे छोड़कर। लेकिन वो मोमिन मायूस न हुआ।

हुक्काम ने कहा, अब कोई उम्मीद नहीं। मगर



महदी का जवाब था: (यह जहाज़ मेरे बग़ैर नहीं जाएगा, यह फिर लौटेगा)। और फिर वाक़ई वही हुआ! जहाज़ दुबारा फनी खराबी का शिकार हुआ और मजबूरन फिर से एयरपोर्ट पर उतरना पड़ा। इस बार पायलट ने एलान किया: जब तक आमिर अल-महदी सवार नहीं होंगे, मैं जहाज़ नहीं उड़ाऊँगा। जब महदी आख़िरकार जहाज़ पर सवार हुआ, उस लम्हे की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। उस वक़्त महदी की खुशी देखे जाने लायक थी।

सोशल मीडिया पर रद्द-ए-अमल:

यह वाक़्या सोशल मीडिया पर चर्चा का मरकज़ बन गया। किसी ने इसे सिद्क-ए-नीयत की फतह कहा, तो किसी ने लीबिया के हवाई निज़ाम की बद-इंतज़ामी पर तंकीद की।

एक यूज़र ने लिखा:

जब जहाज़ दो बार सिर्फ तुम्हारे लिए लौटे, तो यह आम बात नहीं। तेरा अल्लाह से कोई ख़ास नाता है, जो उसने तेरी दुआ क़ुबूल कर ली।

एक और यूज़र ने कहा:

जब हुस्न-ए-नीयत, अमल से आगे हो, हुस्न-ए-ज़न अल्लाह से मजबूत हो और तवक्कुल ख़ालिस, तब ही करामात ज़ाहिर होती हैं।

एक तीसरे यूज़र जुमाआह ने लिखा:

यक़ीन नहीं आता! पहले तेरे अअसाब को हिला डाला, फिर पायलट सीढ़ी न खोले? मगर अल-महदी की सब्र-ओ-इस्तिक़ामत और अल्लाह पर यकीन रंग ले आया।

आख़िरकार, आमिर महदी अरज़-ए-मुक़द्दस पहुँच गए। एक वीडियो में वे लिबास-ए-एहराम में नज़र आते हैं और कहते हैं:

अल्हम्दुलिल्लाह! मैं बैतुल्लाह पहुँच चुका हूँ।

हक़ीक़त यही है: दिल से निकली पुकार अर्श को हिला देती है। उड़ते हुए जहाज़ को रोकने वाली भी वही ज़ात है जो दिलों का हाल जानती है।

वाक़ई महदी! तेरे और अल्लाह के दरम्यान कुछ ख़ास नाता था! कोई बड़ा गहरा, रूहानी रिश्ता! काश हमें भी नसीब हो। (ज़िया चितराली) यह आर्टिकल पढ़ने वाले सभी भाइयों बहनों से दिली गुज़ारिश है आप सभी दुआ फरमाए कि मेरी मोहसिन मेहरबान अम्मी हज्जन जुबेदा बी और अब्बू जनाब बाबू खान साहब के दरजात को अल्लाह बुलंद फरमाए और उनकी बख्शीस और मगफिरत फरमाए फरमाए आमीन या रब्बुल आलमीन आप भाइयों बहनों की दुआओं का तलबगार आपका भाई

**प्रस्तुति= साजिद खान धनपुरी जिला शहडोल मध्य प्रदेश**

# आज कानपुर में मोदी, निरीक्षण के लिए पहुंचे सीएम योगी के हेलीकॉप्टर की लैंडिंग में चूक

कानपुर। कल 30 मई को कानपुर आ रहे पीएम मोदी की जनसभा के निरीक्षण के लिए आज बुधवार को कानपुर पहुंचे यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के हेलिकॉप्टर की लैंडिंग के दौरान बड़ी चूक सामने आई। पायलट द्वारा हेलिकॉप्टर को तय हैलीपैड के बजाय दूसरे हैलीपैड पर उतारने से 500 मीटर दूर स्वागत के लिए खड़े अफ्सर भी घबरा गए और आनन-फानन में सीएम तक पहुंचे और उनका स्वागत किया। अब तक की जानकारी के मुताबिक अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह चूक कैसे हुई ।दरअसल सी एस ए यूनिवर्सिटी में दो हैलीपैड बनाए गए थे।



दोनों के बीच की दूरी 500 मीटर है। एक हैलीपैड पीएम मोदी के लिए निर्धारित है, जबकि दूसरा मुख्यमंत्री और अन्य वीआईपी के लिए। पीएम मोदी के लिए निर्धारित हैलीपैड पर इस समय एयरफोर्स के हेलिकॉप्टर की लैंडिंग का ट्रायल चल रहा है। इसी हैलीपैड पर लगभग 11:30 यहां पहुंचे सीएम योगी का हेलिकॉप्टर उतरा। अवगत कराते चलें कल 30 में को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कानपुर में जनसभा के साथ ही पावर प्लांट और मेट्रो के विस्तार का इनॉगरेशन भी करेंगे। जिसके लिए लगभग सारी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# राष्ट्रवादी नेता रमझान शेख की पहल से स्ट्रीट लाइट का मुद्दा हल



**मुंबई।** बेमौसम बारिश के कारण खारघर के फर्शीपाड़ा सेक्टर 34ए और 34बी में स्ट्रीट लाइटें खराब हो गईं। जैसे ही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार पार्टी के नेता रमझान शेख ने देखा कि नागरिकों को 2-3 दिनों से सड़कों पर अंधेरे का सामना करना पड़ रहा है, उन्होंने तुरंत उसी रात महाराष्ट्र राज्य विद्युत बोर्ड, खारघर कार्यालय से संपर्क किया और उन्हें बिजली की समस्या को हल करने की सूचना दी। जैसे ही लोगों को हो रही असुविधा का पता महाराष्ट्र राज्य विद्युत बोर्ड, खारघर को चला, बिना ज्यादा समय बर्बाद किए के इलेक्ट्रीशियन श्री संजू पाटिल और गणेश पाटिल तुरंत मौके पर पहुंचे, स्ट्रीट लाइट में खराबी का पता लगाया और लाइटें चालू कर दीं। इस अवसर पर समाजसेवक श्री. समीर शेख भी मदद के लिए मौजूद थे। रमझान शेख ने महाराष्ट्र राज्य विद्युत बोर्ड, खारघर को बिना समय बर्बाद किए स्ट्रीट लाइट चालू करने में उनके त्वरित सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

# विधायक रविंद्र चव्हाण के नेतृत्व में भाजपा संगठन में गतिमानता आई

### मजदूर वर्ग की समस्याओं का समाधान केवल भाजपा की विचारधारा में निहित है : रविंद्र चव्हाण

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** विधायक रविंद्र चव्हाण ने जब से भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाला है, तब से उनकी कार्यशैली के चलते संगठन में स्पष्ट रूप से नई गति आई है। डोंबिवली जैसे भाजपा के गढ़ से लगातार चार बार विधायक चुने गए चव्हाण ने भाजपा की राष्ट्रहित की विचारधारा को महाराष्ट्र के कोने-कोने तक पहुंचाया है। इसके साथ ही राज्य के विभिन्न राजनीतिक दलों से कई प्रमुख नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत संस्थाएं और समाज के विविध वर्गों को भाजपा की मुख्यधारा से जोड़ने की मुहिम रविंद्र चव्हाण ने तेज कर दी है। हाल ही में मुंबई में हुए एक कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण को अखिल भारतीय कामगार कर्मचारी संघ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।






इस कार्यक्रम में बोलते हुए रविंद्र चव्हाण ने कहा कि 'मजदूर वर्ग की समस्याओं का समाधान भाजपा की विचारधारा में ही निहित है।' उन्होंने कहा कि अंत्योदय के दिव्य स्वप्न को साकार करने के लिए भाजपा परिवार सदैव प्रतिबद्ध है। इसीलिए मजदूर वर्ग की तमाम छोटी-बड़ी समस्याओं का समाधान केवल भाजपा की विचारधारा में निहित है, जिससे मजदूर वर्ग भाजपा की ओर आकर्षित हो रहा है। इसी का एक उदाहरण है कि महाराष्ट्र के कोने-कोने से बड़ी संख्या में मजदूर वर्ग भाजपा परिवार में शामिल हो रहा है। शिव वाहतूक सेना उबाठा गुट के महाराष्ट्र अध्यक्ष डॉ. महेश सुधाकर पोरे, महाराष्ट्र उपाध्यक्ष संजय चावनेकर, रायगढ़ जिला अध्यक्ष अच्युत पाटिल, रायगड जिला संघटक विनायक बेलोसकर, खारघर शहर अध्यक्ष मोहसिन शेख के साथ-साथ मुंबई, नवी मुंबई, रायगड, धुले, जळगाव, चंद्रपुर, बीड़ आदि स्थानों के शिव वाहतूक सेना के जिलाध्यक्ष और पदाधिकारियों ने आज विकास का 'कमल' थाम लिया है। इसके अतिरिक्त इंडिगो एजाइल एयरपोर्ट प्रा. लि. (मुंबई एयरपोर्ट), बीडब्ल्यूएफएस (मुंबई एयरपोर्ट), एयर इंडिया, स्पाइसजेट एयरलाइंस आदि विभिन्न परिवहन मजदूर संगठनों के अध्यक्षों और पदाधिकारियों ने भी भाजपा का ध्वज थाम लिया। अखिल भारतीय कामगार कर्मचारी संघ का अध्यक्ष पद मजदूर वर्ग ने अत्यंत विश्वास के साथ मुझे सौंपा है, इस विश्वास को मैं कभी टूटने नहीं दूंगा! मैं आपके कंधे से कंधा मिलाकर चलूंगा और आपकी सभी मांगों को पूरा करने का प्रयास करूंगा, ऐसा आश्वासन रविंद्र चव्हाण ने दिया। उन्होंने कहा कि मजदूर वर्ग की समस्याओं के समाधान के लिए वे लगातार मजदूरों के साथ खड़े रहेंगे और संघर्ष करेंगे। साथ ही उन्होंने यह विश्वास भी व्यक्त किया कि माननीय प्रधानमंत्री मोदीजी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और माननीय देवेंद्रजी के नेतृत्व वाली भाजपा-महायुती सरकार के एक विचारधारा वाले प्रशासन के माध्यम से मजदूर वर्ग की समस्याओं का समाधान निश्चित रूप से होगा।

भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश मुख्यालय में आयोजित इस भव्य सम्मान समारोह में अखिल भारतीय कामगार कर्मचारी संघ के कार्याध्यक्ष जितेंद्र राऊत, महासचिव सुहास माटे, संयुक्त महासचिव निशांत गायकवाड़ और योगेश आवळे, उपाध्यक्ष विनोद घोगळे और रेमन कोळी, कोषाध्यक्ष हर्षित तस्कर समेत कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में मजदूर वर्ग उपस्थित था।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### अलर्ट मोड में एनडीआरएफ

25 से 26 मई के बीच, एनडीआरएफ की दो टीमें – टीम 05 (के) और टीम 05 (एफ) – पुणे ज़िले के बारामती और इंदापुर क्षेत्रों में, बाढ़ प्रभावित निचले इलाकों में तैनात की गईं। हालांकि, इन स्थानों पर स्थानीय प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बारामती से सात और इंदापुर से दो लोगों को सुरक्षित निकाल लिया, जिसके बाद एनडीआरएफ की टीमों को अन्य क्षेत्रों में भेजा गया। इसके पश्चात, सतारा ज़िले की फलटन तहसील में बाणगंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंचने पर एक टीम तैनात की गई। वहीं सोलापुर ज़िले की मलशिरस तहसील के कुरुबावी गाँव में, आधी रात को चलाए गए एक सफल बचाव अभियान में छह लोगों – तीन पुरुष, दो महिलाएँ और एक बच्चा – को सुरक्षित निकाला गया।

### पत्नी से हुआ झगड़ा तो एयरपोर्ट पर निकाला गुस्सा

धमकी देने वाले व्यक्ति ने सुबह करीब नौ बजे शहर पुलिस के मुख्य नियंत्रण कक्ष को फोन किया और कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसआईएमए) पर दोपहर करीब दो बजे विस्फोट होगा। चारों तरफ जांच करने पर कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं पाई गई। उस समय फोन करने वाले व्यक्ति की तलाश की गई तो वह व्यक्ति साकीनाका पुलिस थाना क्षेत्र में होने की जानकारी मिली। उसी अनुसार वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजीव चव्हाण के मार्गदर्शन में पुलिस उपनिरीक्षक काशीद और अपराध अन्वेषण दल वहां रवाना हुए। लेकिन उस व्यक्ति का मोबाइल बंद पाया गया। अंततः पुलिस ने तकनीक की मदद से जांच की। संदिग्ध व्यक्ति की तस्वीर और नाम प्राप्त किया गया। उस जानकारी के आधार पर पुलिस दल ने कपड़ों की एक छोटी फैक्ट्री में काम करने वाले संदिग्ध मंजीत कुमार गौतम को हिरासत में लिया। उससे पूछताछ कर उसे सहार पुलिस के हवाले किया गया। अधिकारी ने बताया कि अंधेरी पूर्व के साकीनाका निवासी आरोपी मंजीत कुमार गौतम ने जांचकताओं को बताया कि उसने अपनी पत्नी से झगड़े के बाद हताशा में फर्जी कॉल किया था।

### डिनो मोरिया और भाई सैंटिनो से ईओडब्ल्यू की पूछताछ

मीडिया कर्मियों के एक समूह ने उनसे बात करने का प्रयास किया, लेकिन भाइयों ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। जांच से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की कि एसआईटी ने डिनो मोरिया और मुख्य आरोपी केतन कदम और जयेश जोशी के बीच वित्तीय लेनदेन सहित कई महत्वपूर्ण सुरागों का खुलासा किया है। अब तक गिरफ्तार किए गए 13 लोगों में से दो मुख्य आरोपी केतन कदम हैं, जो वोडर इंडिया एलएलपी के बिचौलिए और निदेशक हैं, और जयेश जोशी विर्गो स्पेशलिटीज प्राइवेट लिमिटेड के हैं, जो कथित तौर पर गाद निकालने के काम में शामिल ठेकेदारों को गाद निकालने वाली मशीनें और अन्य उपकरण मुहैया कराती थी। ईओडब्ल्यू इस बात की जांच कर रही है कि क्या कदम को इन ठेकेदारों से मिले पैसे बाद में डिनो मोरिया के बैंक खाते में ट्रांसफर किए गए थे। जांच के हिस्से के रूप में, 20 से 22 बैंक खातों पर फोरेंसिक ऑडिट चल रहा है, जिसमें संदिग्ध घोटाले से जुड़े लेन-देन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ईओडब्ल्यू के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ₹इस मामले पर टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी क्योंकि फोरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट का इंतजार है। आने वाले दिनों में अनियमितताओं से जुड़े और लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है। करोड़ों रुपये के घोटाले को अंजाम देने के लिए, आरोपियों ने कथित तौर पर गाद निकालने के ठेके देने में अनुकूल व्यवहार के बदले बीएमसी अधिकारियों और उनके परिवारों के लिए विदेश यात्राओं की व्यवस्था की। ईओडब्ल्यू सूत्रों के अनुसार, केतन कदम ने बीएमसी के सहायक अभियंता प्रशांत रामगुडे के लिए उड़ानों और आलीशान होटलों में ठहरने सहित अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्रायोजित की। रामगुडे ने कथित तौर पर अपने परिवार के साथ सिंगापुर की एक दिन की यात्रा की, जिसमें इंटरकॉन्टिनेंटल सिंगापुर में होटल की व्यवस्था कदम ने की थी। दुबई की यात्रा के लिए भी इसी तरह की व्यवस्था की गई थी, जहां कदम ने फिर से होटल बुकिंग संभाली। पुलिस ने कदम से इन लेन-देन के विस्तृत रिकॉर्ड बरामद किए हैं। अब तक मामले में तीन नगर निगम अधिकारियों से पूछताछ की जा चुकी है। नगर निगम से कुछ दस्तावेज अभी भी लंबित हैं और जांचकताओं द्वारा औपचारिक रूप से मांगे गए हैं। अधिकारी ने कहा, आवश्यकता पड़ने पर डिनो मोरिया को फिर से पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है।

# बंगाल की खाड़ी से आई चेतावनी: आधा दर्जन राज्यों के लिए 48 घंटे हो सकते हैं भारी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

देश में इस समय मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदला हुआ है। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून ने समय से पहले दस्तक दे दी है और अब यह महाराष्ट्र, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के कई हिस्सों में पहुंच चुका है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों में मॉनसून और तेजी से उत्तर और उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ेगा और पश्चिम बंगाल, बिहार और पूर्वोत्तर राज्यों में पूरी तरह से सक्रिय हो जाएगा। केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में भी मौसम का मिजाज उग्र बना हुआ है। 28 से 30 मई के दौरान इन राज्यों में अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है। केरल और तटीय कर्नाटक में कई जगहों पर पिछले 24 घंटों में 100 मिमी से ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई है। साथ ही बिजली गिरने और तेज हवाओं के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

**कोंकण और गोवा में 2 जून तक व्यापक वर्षा हो सकती है**


**40-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती हैं हवाएं**

*बंगाल की खाड़ी में बन रही मौसमी प्रणाली से अगले 48 घंटे में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है, जिससे पूर्वी भारत के कई हिस्सों में अलर्ट जारी हुआ है।*

**केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश में अलर्ट**

### गरज-चमक के साथ चलेंगी तेज हवाएं

उत्तर भारत के हालात की बात करें तो राजधानी, उत्तर प्रदेश के पश्चिमी इलाके, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और उत्तराखंड में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और गरज के साथ हल्की बारिश होने का पूर्वानुमान है। दिल्ली-एनसीआर में 28 से 31 मई तक गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। अधिकतम तापमान 36 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, 30 मई को तेज हवाओं की गति 60 किमी प्रति घंटे तक जा सकती है। राजस्थान में एक ओर जहां पश्चिमी हिस्सों में लू चलने की चेतावनी जारी की गई है, वहीं पूर्वी राजस्थान में हल्की बारिश और धूलभरी आंधी के आसार हैं। बाड़मेर और जैसलमेर में तापमान 45 डिग्री से ऊपर बना हुआ है।



### यहां होगी आज और कल बारिश

पूर्वी तट के पास बंगाल की खाड़ी में एक अच्छा खासा निम्न दबाव का क्षेत्र बना है, जो अगले 24 घंटों में एक डिप्रेशन में बदल सकता है। इसके चलते ओडिशा, झारखंड, गंगीय पश्चिम बंगाल और आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने साफ तौर पर कहा है कि यह प्रणाली उत्तर की ओर बढ़ेगी और इससे आने वाले दिनों में और भी राज्यों में व्यापक वर्षा हो सकती है। पूर्वोत्तर भारत की बात करें तो अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 29 और 30 मई को बहुत भारी से अत्यधिक भारी वर्षा होने की चेतावनी दी गई है। सिक्किम और उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल में भी जोरदार बारिश के आसार हैं।

### 24 घंटे बाद फिर हो सकती है दिल्ली-एनसीआर में तूफान की एंट्री

राजधानी दिल्ली और एनसीआर में पिछले दिनों आए आंधी-तूफान से लोगों को गर्मी से राहत मिल रही है। इस बीच दिल्ली और एनसीआर में एक बार फिर बारिश के साथ आंधी-तूफान की आशंका जाहिर की जा रही है। मौसम पूर्वानुमान एजेंसियों का अनुमान है कि आज यानी 28 मई से दिल्ली का मौसम बदलने के आसार हैं। फिर से आंधी-तूफान और बारिश तेज हो सकती है। इसके बाद 29 और 30 मई को हालात और बिगड़ने की संभावना है। इसके बाद दिल्ली-एनसीआर में प्री-मानसून गतिविधियों में 4-5 दिनों का ब्रेक आने की आशंका है। भारतीय मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, 29 मई से मौसम में फिर बदलाव आएगा। 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चलेगी। बारिश की संभावना जताई गई है। लोगों को सतर्क करते हुए यलो अलर्ट भी जारी किया है। 29 मई को अधिकतम तापमान तापमान 39 डिग्री दर्ज किया जा सकता है जबकि न्यूनतम तापमान 27 डिग्री रह सकता है।

## खबर संक्षेप

### थरूर भाजपा के सुपर प्रवक्ता: उदितराज



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता उदित राज ने बुधवार को एक्स पर किए गए एक पोस्ट को रिपोस्ट कर शशि थरूर को टैग किया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि काश मैं प्रधानमंत्री मोदी को मना सकता कि वे आपको भाजपा का सुपर प्रवक्ता घोषित कर दें, यहां तक कि भारत आने से पहले ही विदेश मंत्री घोषित कर दें। यह तंज दिन पर चर्चित रहा।

### असम में 171 फर्जी एनकाउंटर का आरोप



**नई दिल्ली।** असम में 171 फर्जी एनकाउंटर किलिंग के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मानवाधिकार आयोग को निष्पक्ष जांच के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एडवोकेट आरिफ यासिन जवाद्दर की याचिका पर यह आदेश दिया है। आरिफ यासिन ने गौहाटी हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, स्वतंत्र जांच की मांग की।

### लोकपाल ने पूर्व सेबी प्रमुख को दी क्लीन चिट


**नई दिल्ली।** भ्रष्टाचार से जुड़ी शिकायतों की जांच करने वाली संस्था लोकपाल ने हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के आधार पर बाजार नियामक सेबी की पूर्व प्रमुख माधबी पुरी बुच के खिलाफ अनुचित व्यवहार और हितों के टकराव का आरोप लगाने वाली शिकायतों को खारिज किया।

## केरल, महाराष्ट्र, दिल्ली और कर्नाटक में ज्यादा बढ़ रहे मरीज

# देश में कोरोना के मामले 1200 पार, भले ही केस बढ़ रहे हैं लेकिन पैनिक होने की जरूरत नहीं

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

देश में कोरोना के मामलों में एक बार फिर से बढ़ोतरी देखी जा रही है। देश में कोविड-19 के एक्टिव केसों की संख्या 1200 से ज्यादा पहुंच चुकी है। इनमें सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। इस राज्य में कोरोना के 430 मामले सामने आ चुके हैं। महाराष्ट्र में 208 लोग कोरोना पॉजिटिव हैं। दिल्ली और कर्नाटक में भी कोरोना के 100 से ज्यादा केस सामने आ चुके हैं। बात करें पिछले 24 घंटों की तो बिहार में 6 कोरोना के केस सामने आए। वहीं, अरुणाचल प्रदेश में भी एक शख्स कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। कोरोना के बढ़ते मामले की सबसे बड़ी वजह जेएन.1 वेरियंट है। यह ओमिक्रॉन का ही सब-वेरिएंट है। पंजाब के चंडीगढ़ में कोविड-19 संक्रमण से पहली मौत का मामला सामने आया है। सेक्टर-32 स्थित गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (जीएमसीएच-32) में भर्ती लुधियाना निवासी 40 वर्षीय व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। मरीज को चार दिन पहले सांस लेने में परेशानी के चलते अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने जब कोविड टेस्टिंग की तो वो पॉजीटिव पाए गए। इसके बाद उन्हें अस्पताल में एडमिट किया गया था। जेएन.1 वेरिएंट की सबसे बड़ी परेशानी है कि यह लोगों के बीच काफी जल्दी फैलता है। इसमें एक्स्ट्रा म्यूटेशन है,जो कोशिकाओं में प्रवेश करने और इम्यून को कमजोर करता है। कई डॉक्टरों का मानना है कि जेएन.1 वेरिएंट इतने खतरनाक नहीं है और लोगों को पैनिक होने की जरूरत नहीं है।



*जानकारों को मानना है कि ये वेरियंट ज्यादा खतरनाक नहीं है इसलिए इससे डरने या पैनिक होने की जरूरत नहीं है*

- *जेएन.1 वेरियंट ओमिक्रॉन का ही सब-वेरिएंट है*
- *नया वेरिएंट जेएन.1 सारी दुनिया में सबसे ज्यादा है*

### पंजाब में कोविड की वजह से एक व्यक्ति की मौत

**गंभीर नहीं हैं मामले**

कोविड के नए वेरिएंट को लेकर भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने कहा कि अभी तक जो मामले मिले हैं, वे ज्यादा गंभीर नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'भारत में कोविड-19 संक्रमण बढ़ रहा है, लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है क्योंकि ये गंभीर नहीं हैं। हम इस पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं।'




### अस्पतालों में तैयार किए जा रहे हैं कोविड वार्ड

देश के कई राज्यों में कोविड के मामले सामने आने के बाद अस्पतालों में कोविड-19 रोगियों के लिए वार्ड तैयार किए जा रहे हैं। दिल्ली में कोविड-19 के मामले 100 के पार पहुंचने के बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने लोगों को आश्वस्त किया कि सरकार स्थिति पर करीबी से नजर बनाए हुए है। सीएम गुप्ता ने कहा, सभी अस्पतालों को दिशानिर्देश दिए गए हैं और सरकार स्थिति पर नजर रख रही है। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में मामलों से निपटने की पूरी तैयारी कर रखी है। यहां हर तरह की सुविधाएं मौजूद हैं।

### जेएन.1 सारी दुनिया में सबसे ज्यादा

जेएन.1 ओमिक्रॉन के बीए.2.86 का एक स्ट्रेन है। इस पिरोला भी कहा जाता है। इसमें करीब 30 म्यूटेशन्स है, जो इम्यूनिटी को कमजोर करते हैं। कोरोना के बढ़ते नए मामलों पर एम्स के पूर्व डॉयरेक्टर रणदीप गुलेरिया ने कहा, कोरोना वायरस का नया वेरिएंट जेएन.1 सारी दुनिया में सबसे ज्यादा है। इस वेरिएंट में कुछ म्यूटेशन है, जिस वजह से ये ज्यादा इंफेक्शन करता है। उन्होंने कहा कि ओमिक्रॉन की वजह से ज्यादा लोगों को इन्फेक्शन हुआ था। हमारे शरीर में इम्यूनिटी है, लेकिन वेरिएंट खुद में बदलाव करते हैं। इस वजह से इन्फेक्शन बीच-बीच में बढ़ जाता है।

## कर्ज: परिवार के चार लोगों ने दी जान

# साड़ियों का फंदा बनाया, एक के बाद एक झूले फांसी पर!



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

हरियाणा के पंचकूला के एक ही परिवार के 7 लोगों ने की आत्महत्या का मामले लोग नहीं भूल पाए थे और केरल के वक्कम शहर में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां एक ही परिवार के चार सदस्य अपने घर में फांसी पर लटके पाए गए। मरने वालों में पिता, माता और उनके दो बेटे शामिल हैं। पुलिस को शक है कि यह आत्महत्या का मामला है। शुरुआती जांच में पता चला है कि परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। शायद इसी वजह से उन्होंने यह कदम उठाया। जिन लोगों ने घर में अंदर जाकर देखा तो चारों के चारों साड़ी के अलग अलग फंदो पर लटके हुए थे। हो सकता है कि एक के बाद एक फांसी पर झूले हों। वहां भी एक ही परिवार के सात सदस्यों ने आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने बताया कि मरने वालों की पहचान अनिल कुमार (55 वर्ष), उनकी पत्नी शीजा (50 वर्ष), और उनके बेटे अश्विन (25 वर्ष) और आकाश (22 वर्ष) के रूप में हुई है। वार्ड सदस्य संथम्मा एस के अनुसार, शीजा अक्सर परिवार के बढ़ते कर्ज के बारे में बात करती थी। कुछ साल पहले उन्होंने एक राष्ट्रीयकृत बैंक से घर खरीदने के लिए बड़ा होम लोन लिया था। इसके बाद उनकी आर्थिक परेशानी शुरू हुई।

- घर के लिए कर्ज लिया बेटे का एक्सीडेंट हुआ फिर तंगी में फंसा परिवार

### हालात बिगड़ते गए

संथम्मा ने बताया कि 2019 में अश्विन एक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे कई फ्रैक्चर हुए थे। वह छह महीने तक अस्पताल में रहा। इससे परिवार का खर्चा और बढ़ गया और वे और भी ज्यादा कर्ज में डूब गए। पड़ोसियों ने परिवार को आखिरी बार सोमवार शाम 5 बजे के आसपास देखा था। मंगलवार सुबह 10 बजे तक घर बंद था। एक पड़ोसी ने देखा कि घर का दरवाजा खुला है। अंदर जाकर देखा तो चारों लोग हॉल में साड़ियों से फांसी पर लटके हुए थे।

## आतंकवाद के खिलाफ भारत की जंग में साथ आए पनामा और इंडोनेशिया

# आतंकवाद के खिलाफ किसी भी युद्ध के लिए तैयार भारत सरकार, सीमा चाहे कोई भी हो: थरूर

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवाद के मामले पर पाकिस्तान की काली सोच को दुनिया के सामने लाने में जुटे सात भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों की कवायद पूरे जोर-शोर के साथ चल रही है। इनमें शामिल नेता चाहे किसी भी राजनीतिक दल से हों। लेकिन वैश्विक मंच पर राष्ट्रहित में सभी एकजुटता के साथ भारत के प्रतिनिधि के तौर पर सरकार के पक्ष को मजबूती से रख रहे हैं। इसी क्रम में कांग्रेस नेता शशि थरूर का पनामा में दिया गया एक बयान बुधवार को मीडिया में छाया रहा। जिसमें उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई आखिरकार भारत सरकार को पाकिस्तान के पाले हुए आतंकियों के खिलाफ क्यों करनी पड़ी? भारत की आतंकवाद को लेकर बनी हुई जीरो टॉलरेंस की नीति, सरकार की आतंकवाद के जड़ से उखाड़ फेंकने को लेकर बनी हुई प्रतिबद्धता के बारे में भी शशि थरूर ने बताया और कहा कि भारत की सरकार आतंकवाद के खिलाफ किसी भी युद्ध के लिए तैयार है। फिर सीमा चाहे कोई भी हो। कांग्रेस नेता ने कहा, हम अलग-अलग राजनीतिक पृष्ठभूमि से आते जरूर हैं। लेकिन यहां पर हम राष्ट्रीय उद्देश्य के लिए एकजुट हैं।

**सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक की अगुवाई कर रहे कांग्रेस नेता शशि थरूर ने पनामा से दिया पाकिस्तान को दो टूक संदेश।**



### आतंकवादियों ने महिलाओं का सुहाग उजाड़ा

*थरूर ने कहा कि पिछले महीने 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने अपने नापाक हमले के दौरान महिलाओं के सामने उनके पति की हत्या कर दी और उसके बाद कहा कि यहां क्या हुआ जाकर बता देना? आतंकी हमले के दौरान महिलाएं रो पड़ी थीं, उन्होंने आतंकवादियों से कहा कि मुझे भी मार डालो, लेकिन उनका जवाब मिला, जाकर बता देना। इसके बाद ही भारत ने कसम खाई थी कि सिंदूर, हत्यारों के खून से मेल खाएगा। ऑपरेशन सिंदूर में हमने 9 आतंकी कैंप बर्बाद कर अपने कथन को सत्य साबित कर दिया। थरूर की पनामा की विधानसभा के अध्यक्ष के साथ भी एक बैठक हुई। जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया कि पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान द्वारा आतंकियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई न करने की वजह से भारत को ऑपरेशन सिंदूर करना पड़ा।*

### भारत की युद्ध की इच्छा नहीं थी

*कांग्रेस नेता ने कहा कि सैन्य अभियान के जरिए भारत की युद्ध की कोई इच्छा नहीं थी। लेकिन पहलगाम के गुनहगारों को उनके कुकृत्य के लिए छोड़ना भी संभव नहीं था। उन्होंने कहा कि हमने अपनी कार्रवाई के जरिए पाकिस्तान के अंदर छिपे बैठे आतंकवादियों को साफ शब्दों में यह बता दिया है कि हमारा देश अपनी और अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जाएगा यानी प्रतिबद्धता के साथ उचित कदम उठाएगा।*

### पनामा, इंडोनेशिया का भारत को समर्थन

*भारतीय प्रतिनिधिमंडल का पक्ष सुनने के बाद पनामा ने आतंकवाद के मामले पर भारत को अपना समर्थन प्रदान किया। उनके विधानसभा अध्यक्ष ने खुले तौर पर इसकी घोषणा करते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ पनामा भारत के साथ खड़ा है। हम साथ होंगे तो आतंकवाद को परास्त कर पाएंगे। सुप्रिया सुले की अगुवाई में दक्षिण अफ्रीका और द्रमुक नेता कनिमोझी की अगुवाई में ग्रीस पहुंचे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने भी आतंकवाद को लेकर भारत की जीरो टॉलरेंस की नीति को स्पष्ट रूप से सबके सामने रखा। इसके अलावा भारत को आतंकवाद के मामले पर पनामा, इंडोनेशिया और फ्रांस जैसे देशों का समर्थन मिला है।*

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद तैयार है सीआरपीएफ की 47 बटालियन

# अमरनाथ यात्रा मार्ग पर इस बार होगी अचूक किलेबंदी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद अब केंद्रीय सुरक्षा बलों ने अमरनाथ यात्रा की तैयारियों पर फोकस कर दिया है। केंद्रीय अर्धसैनिक बल (सीआरपीएफ) द्वारा इस बार भी अमरनाथ यात्रा के रूट पर अचूक किलेबंदी की जाएगी। इसके लिए डीजी सीआरपीएफ जीपी सिंह अपने वरिष्ठ सहयोगियों के साथ घाटी के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने घाटी में तैनात सीआरपीएफ की 47 बटालियनों के रेंज डीआईजी और कमांडिंग अधिकारियों के साथ तीन घंटे से अधिक समय तक चली कॉन्फ्रेंस में सुरक्षा को लेकर बातचीत की है।

### सीआरपीएफ की '1000 मीटर' की थ्योरी



*इस साल 29 जून से अमरनाथ यात्रा प्रारंभ होगी। सीआरपीएफ की '1000 मीटर' की थ्योरी, आतंकियों को यात्रा रूट के निकट तक नहीं पहुंचने देगी। उक्त दूरी पर पर्याप्त संख्या में जवान मौजूद रहेंगे। भले ही सरकारी कर्मियों के लिए रोजाना आठ घंटे की ड्यूटी तय होती है, लेकिन सीआरपीएफ के जवान, अमरनाथ यात्रा के दौरान 14 से 16 घंटे तक तैनात रहते हैं। यात्रा रूट पर श्रद्धालुओं के काफिले पूरी तरह महफूज रहेंगे। इन्हें बल के वाहन एस्कॉर्ट करेंगे। रास्ते में कोई खतरा न हो, इसके लिए सीआरपीएफ की 'रोड ओपनिंग पार्टी' 24 घंटे गश्त पर रहेगी।*

### रूट पर ड्रोन से निगरानी रखेंगे

यात्रियों को फुलप्रूफ सुरक्षा प्रदान करने के लिए रूट पर ड्रोन से निगरानी की जाएगी। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे भी लगेंगे। यात्रा के दौरान लगभग एक किलोमीटर के अंतराल पर सीआरपीएफ का एक मोर्चा रहेगा। यह इसलिए कि किसी दूसरे मोर्चे पर कोई घटना हो तो पहले मोर्चे से बिना देरी के जवान पहुंच सके।

# एकम्स को Q4 FY25 में 12.4% ज्यादा कमाई, पूरे साल की मुनाफे की दर 12.3% रही

**मुंबई।** भारत की सबसे बड़ी दवा बनाने वाली कॉन्ट्रैक्ट कंपनी (CDMO) 'एकम्स ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड' ने 31 मार्च 2025 को खत्म हुई तिमाही और पूरे साल के अपने संयुक्त वित्तीय नतीजे जारी किए। चौथी तिमाही में कंपनी के प्रदर्शन में जोरदार सुधार दिखा, जिससे आगे की बढ़त और वैश्विक विस्तार के लिए मजबूत आधार बना। Q4 FY25 में एकम्स की कमाई 1,073 करोड़ रही, जो पिछले साल की तुलना में 12.4% ज़्यादा है। इस तिमाही में कंपनी का एबिट्टा मार्जिन 10.4% रहा। Q4 के अच्छे प्रदर्शन के साथ, एकम्स ने पूरे साल यानी FY25 को 4,170 करोड़ की कंसोलिडेटेड टोटल इनकम और 12.3% की एडजस्टेड एबिट्टा मार्जिन के साथ पूरा किया, जो पिछले साल से 7 बेसिस पॉइंट बेहतर है। इस दौरान कंपनी ने अपने प्रोडक्ट मिक्स को बेहतर बनाने, रिसर्च-ड्रिवन पोर्टफोलियो तैयार करने और ग्लोबल प्रेज़ेंस बढ़ाने पर ध्यान बनाए रखा। इस वित्त वर्ष के दौरान एकम्स की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक लगभग 200 मिलियन का कॉन्ट्रैक्ट हासिल करना रहा। यह कॉन्ट्रैक्ट यूरोप के रेगुलेटेड मार्केट्स में दवाओं के निर्माण और सप्लाई के लिए मिला है, जो एकम्स की ग्लोबल सीडीएमओ मौजूदगी को और मज़बूत करता है। इस कॉन्ट्रैक्ट के तहत कमर्शियल सप्लाई साल 2027 से शुरू होगी। अपने बढ़ते कामकाज को सपोर्ट करने के लिए एकम्स ने FY25 में 272 करोड़ का कैपिटल एक्सपेंडिचर किया। अब कंपनी की सालाना उत्पादन क्षमता 49.6 बिलियन यूनिट हो गई है। यह इन्फ्रास्ट्रक्चर विस्तार भारत में बड़े पैमाने की सीडीएमओ सेवाओं और अंतरराष्ट्रीय फ़ार्मा कॉन्ट्रैक्ट के लिए कंपनी को पूरी तरह तैयार बनाता है। एकम्स ने रिसर्च और डेवलपमेंट (आरएंडडी) पर भी काफ़ी खर्च किया और 130 करोड़ का निवेश किया। यह निवेश कंपनी की कुल कमाई का 3% से ज्यादा है। फिलहाल कंपनी को 973 DCGI अप्रूवल मिल चुके हैं और इसके प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में 4,000 से ज्यादा कमर्शियल फॉर्मुलेशन शामिल हैं। ये दवाएं 60 से ज्यादा डोज़ेज़ फॉर्म में और कई तरह की बीमारियों के इलाज के लिए हैं।

**सेगमेंटल परफॉर्मेंस का लेखजोखा**

एकम्स के मुख्य व्यवसाय CDMO ने FY25 में कंपनी की कुल बिक्री का लगभग 78% हिस्सा दिया और इसका एडजस्टेड EBITDA 14.1% रहा। कंपनी के घरेलू ब्रांडेड फॉर्मुलेशन बिजनेस में लगभग 9% की वृद्धि हुई, जबकि अंतरराष्ट्रीय ब्रांडेड फॉर्मुलेशन बिजनेस में लगभग 14% की बढ़ोतरी हुई। ट्रेड जेनेरिक और API सेगमेंट इस वित्त वर्ष में अभी भी नुकसान में हैं, लेकिन कंपनी अगले वित्त वर्ष में नुकसान कम करने के लिए कई बड़े कदम उठा रही है।

**रणनीतिक ध्यान और भविष्य का नजरिया**

मुख्य बिजनेस सेक्टरों में अच्छा प्रगति होने के बावजूद एकम्स ने पिछले साल की तुलना में राजस्व (रिवेन्यू) में ज्यादा बढ़ोतरी नहीं की, जिसका मुख्य कारण API में कम हुई बिक्री और दामों में गिरावट है। फिर भी कंपनी ने लंबे समय तक बढ़ोतरी के लिए जरूरी क्षेत्रों में निवेश जारी रखा है, ताकि भारत की दवा इंडस्ट्री में अपना प्रमुख स्थान बनाए रख सके और ग्लोबल CDMO विस्तार की तैयारी कर सके। आरएंडडी पर खर्च FY24 के मुकाबले 16% बढ़ाकर एकम्स अपनी इनोवेशन क्षमताओं को और मजबूत कर रहा है, जटिल फॉर्मुलेशन विकसित कर रहा है और अपने उत्पादों की रेंज बढ़ा रहा है। कंपनी की गुणवत्ता-प्रधान मैन्युफैक्चरिंग, नए तरीके से दवा देने के फॉर्मेट, और मरीजों की जरूरतों पर ध्यान देने वाली इनोवेशन से कंपनी के प्रोडक्ट्स दुनिया भर में महत्वपूर्ण और इलाज में असरदार बनते हैं। इन नतीजों पर टिप्पणी करते हुए एकम्स के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री संजीव जैन ने कहा, "जब हम उस साल को याद करते हैं जब हम शेयर बाजार में लिस्ट हुए थे, तो हम नए उत्साह के साथ आगे भी देख रहे हैं। यूरोप में कदम रखना एकम्स के ग्लोबल CDMO विस्तार के लिए बहुत बड़ा कदम है। साथ ही अपनी क्षमता बढ़ाने और खास उत्पादों पर ध्यान देने से हम एकम्स को एक भरोसेमंद ग्लोबल CDMO बनाने की तैयारी कर रहे हैं। हम सबके लिए लंबे समय तक फायदे वाले काम करने और दुनिया भर में लोगों की जिंदगी बेहतर बनाने वाली स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए पूरी तरह समर्पित हैं।" एकम्स के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री संदीप जैन ने कहा, "हमें बहुत गर्व है कि हमने FY25 को सकारात्मक तरीके से पूरा किया, क्योंकि इस दौरान दवा उद्योग में बहुत उतार-चढ़ाव था। भले ही API के दाम कम हुए और बिक्री धीमी हुई, लेकिन एकम्स ने अपने मूल काम—सतर्कता, नवाचार और वैश्विक लक्ष्य—पर ध्यान बनाए रखा। हमारी नई इंजेक्टेबल फैक्ट्री अब काम कर रही है, हमारी आरएंडडी टीम पहले से भी ज्यादा मजबूत हो गई है, और हमारे खास उत्पाद पार्टनर्स को पसंद आ रहे हैं। ये समय बहुत अच्छा है क्योंकि हम एकम्स को एक ग्लोबल दवा निर्माण संगठन बनने की ओर तेजी से ले जा रहे हैं।"

## खबर संक्षेप

### स्पर्श पर्ल ने सैफ अली खान को ब्रांड एंबेसडर बनाया

**नोएडा।** स्पर्श पर्ल, जो भारत के बाथ फिटिंग उद्योग में तीन दशकों से अधिक समय से उत्कृष्टता का अनुभव रखने वाली अग्रणी कंपनी है, ने बॉलीवुड सुपरस्टार सैफ अली खान को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है। इस रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य प्रीमियम उपभोक्ताओं के साथ ब्रांड के जुड़ाव को मजबूत करना और विश्वास और गुणवत्ता की अपनी विरासत को मजबूत करना है। दो साल की भागीदारी के तहत, सैफ अली खान स्पर्श पर्ल के 360-डिग्री मार्केटिंग अभियान का चेहरा होंगे, जिसमें टेलीविजन विज्ञापन, डिजिटल प्लेटफॉर्म, ओटीटी मीडिया और आउटडोर विज्ञापन शामिल होंगे।

### लाल सागर मार्ग से अब होने लगा है भारतीय निर्यात

**नई दिल्ली।** निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो ने कहा कि भारतीय निर्यात खेप धीरे-धीरे लाल सागर मार्ग से फिर से गुजरने लगी हैं। क्षेत्रीय तनाव के कारण यह मार्ग महीनों बाधित रहा था। अब धीरे-धीरे इस मार्ग से वस्तुओं की आवाजाही हो रही है जो निर्यात में सुधार का संकेत है।

## उपभोक्ता मामलों के सचिव खरे ने अनुपालन करने कहा

# एमएसएमई गुणवत्ता मानकों का पालन करे, अधिक उत्तरदायी बनें

**समस्याओं को साझा करने व समाधान खोजने सक्रिय हो**

**उद्योग गुणवत्ता मानदंडों के निर्माण में भाग लेने आगे आए**

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने बुधवार को एमएसएमई से उत्पादों के निर्माण के दौरान स्वैच्छिक और अनिवार्य गुणवत्ता मानकों का अनुपालन करने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने उनसे समस्याओं को साझा करने और उसका समाधान खोजने में अपनी ओर से अधिक सक्रिय होने का आग्रह किया।

यहां एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए खरे ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है और इसे हासिल करने में एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम) की प्रमुख भूमिका होगी।

### लोगों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद मिलें

सचिव ने कहा कि एमएसएमई को अपनी समस्याओं को साझा करने में अपनी ओर से अधिक सक्रिय होने की जरूरत है और उद्योग से नए मानकों की मांग करने के साथ-साथ इन गुणवत्ता मानदंडों के निर्माण में भाग लेने को कहा। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं कि लोगों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद मिलें।

### भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर




### परीक्षण सुविधा की स्थापना हो

इसके अलावा, उन्होंने कहा कि उद्योग के प्रतिभागी किसी भी कठिनाई के दौरान सहायता के लिए मंत्रालय से संपर्क कर सकते हैं, चाहे वह मानकों का निर्माण हो या परीक्षण सुविधा की स्थापना। खरे ने कहा, "..हम इसे स्थापित करेंगे। हम नहीं चाहते कि आपको परेशानी हो।" सचिव ने कहा कि एमएसएमई को अधिक उत्तरदायी होना होगा।

### उद्योग मानकों की मांग करें

खरे ने उद्योग प्रतिनिधियों से कहा, "भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, तो एमएसएमई ही यह चमत्कार कर सकते हैं। इसलिए आप (एमएसएमई) मानकों का पालन किए बिना या उनके अनुरूप काम किए बिना यह चमत्कार नहीं कर सकते। इसलिए मानकों की मांग करें।" खरे ने कहा, "यहां तक कि युगांडा और रवांडा में भी भारत की तुलना में अधिक क्यूसीओ (गुणवत्ता नियंत्रण आदेश), अधिक तकनीकी विनियमन हैं। क्या आप फिर भी शिकायत करेंगे? सचिव ने कहा कि अब भी 23,000 भारतीय मानक हैं जो पूरी तरह से स्वैच्छिक व्यवस्था में हैं।

### बीआईएस में तेजी से सुधार की क्षमता

सचिव ने उद्योग से मानकों के समयबद्ध निर्माण की मांग करने को कहा और आश्वासन दिया कि सरकार और उसके विभाग ऐसा करेंगे। खरे ने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) में मानकों को बहुत तेजी से तैयार करने की क्षमता है।

### नई प्रयोगशाला स्थापना पर 78 करोड़ मंजूर

हाल ही में मौजूदा परीक्षण प्रयोगशालाओं को मजबूत करने और नई प्रयोगशालाएं स्थापित करने के लिए 78 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। खरे ने कहा, "आखिरकार, कोई भी राष्ट्र जो विकास करता है, उसे अपने माल और सेवाओं की विश्वसनीयता सुनिश्चित करनी होती है। इसमें कोई परहेज नहीं हो सकता, या गुणवत्ता की चिंता में कोई छूट नहीं दी जा सकती।"

### उद्योग की और सेशायद ही भागीदारी

सचिव ने बताया कि जब भी मानक तैयार किए जाते हैं, तो उद्योग की ओर से शायद ही कोई भागीदारी होती है। खरे ने कहा, ..शिक्षाविद, क्षेत्र विशेष के विशेषज्ञ...वास्तव में मानक ला रहे हैं, जबकि यह मानक, उद्योग के लिए और उद्योग द्वारा होने चाहिए...।" उन्होंने यह बात, लघु एवं मझोले उद्यमों के लिए एक गैर-लाभकारी संगठन इंडिया एसएमई फोरम द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में कही।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# ‘वी वॉक ऑफ एम्पावरमेंट’ की प्रस्तुति में ओपन माइक का शानदार आयोजन

## कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दै. मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस. खान ने सभी कलाकारों को मंच पर मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं


























**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** 25 मई को गोरगांव पश्चिम स्थित ‘रासा द स्टेज’ में रविवार की शाम एक बेहद खूबसूरत और यादगार ओपन माइक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन ‘वी वॉक ऑफ एम्पावरमेंट’ संस्था द्वारा किया गया, जिसकी संस्थापक और मुख्य आयोजक नसरीन मलिक हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य उभरते कलाकारों को मंच देना और उनके आत्मविश्वास को निखारना था। यह सांस्कृतिक संध्या शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक चली, जिसमें देशभर से आए कवि, गायक, शायर, कॉमेडियन और लेखक जैसे विभिन्न विधाओं के कलाकारों ने भाग लिया और अपने हुनर से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दै. मुंबई हलचल समाचार पत्र के संपादक दिलशाद एस. खान थे, जिन्होंने सभी कलाकारों को मंच पर मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

**कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रमुख कलाकार**

**कवि एवं शायर:** डॉ. मोहम्मद मलकानी, रियाज सानी, प्रेम कपाड़िया, रुहुदार देबोज्योति, मोइज कोड़ावाला, मारूफ मिर्जापुरी, रितेश यादव, फकीर साहब, अहमद फैजाबादी, अतहर कादरी, अमित सिंह, डॉ. ध्रुवा, भाग्यश्री राजभर, कमर शेख, चंद्रमणि मेहता

**गायक/गायिका:** जसविंदर कौर, गोविंद कोम्पाले, स्नेहा खामकर, हितेश नरंग

**कॉमेडियन:** अल्फाज सिद्दीकी

**अन्य कलाकार:** तस्मिन खान, सुनील शर्मा, देव अग्निहोत्री

**मंच संचालन :** कार्यक्रम का संचालन मारूफ मिर्जापुरी, शगुफ़्ता खान और स्नेहा खामकर ने शानदार तरीके से किया, जिससे पूरा माहौल ऊर्जा और उत्साह से भर गया।

**सम्मानित प्रतिभाएँ :** इस कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतियों के आधार पर तीन कलाकारों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया:

**प्रथम स्थान:** डॉ. मोहम्मद मलकानी

**द्वितीय स्थान:** रुहुदार देबोज्योति

**तृतीय स्थान:** रियाज सानी

सभी कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। किसी ने जीवन की सच्चाइयों को शब्दों में पिरोया, तो किसी ने संगीत के सुरों से दिल को छू लिया। हास्य कलाकारों ने हँसी का तड़का लगाया तो गायकों ने अपनी मधुर आवाजों से मन मोह लिया। नसरीन मलिक ने कार्यक्रम के अंत में सभी कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ‘यह मंच उन सभी कलाकारों के लिए है जो अपने हुनर को दुनिया के सामने लाना चाहते हैं। हम भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करते रहेंगे ताकि हर कलाकार को अवसर मिले और समाज में सृजनात्मकता को बढ़ावा मिले।’

यह ओपन माइक न सिर्फ एक मनोरंजन का साधन था, बल्कि आत्म-अभिव्यक्ति, सौहार्द और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक प्रयास भी था। ‘वी वॉक ऑफ एम्पावरमेंट’ की यह पहल हर उस व्यक्ति के लिए प्रेरणा बन गई जो अपने भीतर छुपी कला को पहचान कर आगे बढ़ना चाहता है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर






# जेनेलिया डिसूजा संग दिखा आमिर का रोमांटिक मोमेंट

**साल 2025** की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में सितारे जमीन पर का नाम टॉप पर है। जबसे इसका ट्रेलर आया है, लोगों के दिलों में फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट और भी बढ़ गया है। ट्रेलर में जो प्यार, मुस्कान और खुशियों की झलक मिली, उसने साफ कर दिया है कि ये फिल्म 2007 की सुपरहिट तारे जमीन पर की स्पिरिचुअल सीक्वल के तौर पर कुछ खास लेकर आने वाली है। इंतजार को और बढ़ाते हुए और हमें इस इमोशनल दुनिया से और भी जोड़ते हुए, सितारे जमीन पर के मेकर्स ने अब फिल्म का एक प्यारा सा गाना सर आंखों पे मेरे रिलीज कर दिया है। इस मेलोडियस गाने ने फिल्म की फीलिंग को और भी दिल से जोड़ दिया है। अरिजीत सिंह की सोलफुल आवाज में गाया गया सर आँखों पे मेरे एक दिल छू लेने वाला गाना है। आमिर खान और जेनेलिया डिसूजा की इस नई जोड़ी पर फिल्माया गया ये गाना प्यार की मिठास का सुकून भरा अहसास देता है। आमिर और जेनेलिया की कैमिस्ट्री जहां एक अलग ही कशिश बिखेरती है, वहीं इसकी मेलोडी सीधे दिल में उतरती है। आमिर खान प्रोडक्शंस गर्व के साथ पेश करता है 10 राइजिंग सितारे अरूष दत्ता, गोपी कृष्ण वर्मा, सम्वित देसाई, वेदांत शर्मा, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शाहानी, ऋषभजैन, नमन मिश्रा और सिमरन मंगेशकर। आर. एस. प्रसन्ना द्वारा निर्देशित, जिन्होंने पहले बैरियर तोड़ने वाली ब्लॉकबस्टर शुभ मंगल सावधान बनाई थी।

# युजवेंद्र चहल के बाद नए पार्टनर की तलाश में धनश्री वर्मा

**भारतीय** क्रिकेटर युजवेंद्र चहल अपने तलाक को लेकर बीते दिनों सुर्खियों में थे। पूर्व पत्नी धनश्री वर्मा के साथ उन्होंने तलाक ले लिया है। दोनों ने अपनी राहें अलग कर ली है। तलाक के बाद दोनों अपनी-अपनी जिंदगी में अब आगे बढ़ गए हैं। युजवेंद्र चहल को नया लाइफ पार्टनर मिल गया है। वह आरजे महवश के साथ वक्त बिता रहे हैं। दोनों अक्सर स्पॉट किए जाते हैं और अक्सर एक साथ देखे जाते हैं, तो वहीं धनश्री वर्मा ने भी नए पार्टनर की तलाश शुरू कर दी है। धनश्री वर्मा ने टाइम्स ऑफ इंडिया को दिए गए इंटरव्यू में अपनी प्रोफेशनल लाइफ और निजी जिंदगी से जुड़ी ढेर सारी बातें की। उन्होंने बताया कि वह इस समय सबसे ज्यादा फोकस अपने काम पर कर रही हैं, लेकिन अगर उनकी लाइफ में दोबारा प्यार आता है, तो वह उससे इनकार नहीं करेंगी। बातचीत के दौरान धनश्री वर्मा ने बताया कि अगर फ्यूचर में उनकी जिंदगी में प्यार दस्तक देता है, तो वह उसके लिए तैयार हैं, उन्होंने आगे कहा कि मैं हमेशा कहती हूं और विश्वास करती हूं कि प्यार जिंदगी का सबसे खूबसूरत पहलू है। वक्त के साथ प्यार को लेकर आपकी सोच भी बदलती है। मैं अभी अपने काम और करियर पर फोकस कर रही हूं और अपनी पर्सनल डेवलपमेंट पर ध्यान दे रही हूं।

